प्रेस-विज्ञप्ति **01.02.2023**

आज दिनांक 1 फरवरी, 2023 को मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के डॉ. गौर हरि सिंहानिया कॉन्फ्रेन्स हॉल में प्रातः 10:30 बजे से **"बजट सत्र-2023"** का आयोजन किया गया। बजट सत्र के दौरान मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष- श्री अतुल कनोडिया जी ने पूर्व अध्यक्ष, कौंसिल मेंबर एवं उपस्तिथ सभी सदस्यों का स्वागत किया।

बजट प्राथमिकताओं पर केन्द्रित किया गया है। राष्ट्र के विकास, अन्तर्राष्ट्रीय छवि, सम्प्रभुता एवं अनेक विपदाओं से घिरे होने के बावजूद आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने की दृष्टि से एक बहुत सफल प्रयास है। विकास के हर क्षेत्र चाहे गरीबों को फूड सिक्योरिटी का प्रश्न हो, कार्बन उत्सर्जन का प्रश्न हो, सबका साथ सबका विकास का विषय हो, समाज के अन्तिम व्यक्ति तक आर्थिक उन्नति का लाभ पहुँचाने का प्रश्न हो, आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स, डिजिटल मार्केटिंग, लघु एवं मध्यम उद्योग निवेश कनेक्टिविटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, मोटा अनाज इत्यादि विषयों को अत्यन्त गम्भीरता एवं सकारात्मक सोच के साथ बजट में यथोचित स्थान दिया गया है। प्राकृतिक आपदाओं से निबटने के लिए भी उचित व्यवस्थायें प्रस्तावित की गई हैं। मुद्रा स्फीति की दृष्टि से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों में सम्भावित छूट एक ऐसा विषय है जिस पर थोड़ी बहुत निराशा होना स्वाभाविक है क्योंकि मात्र 1.5 प्रतिशत सकल टैक्स कलेक्शन का लाभ ही कारपोरेट एवं व्यक्तिगत कर के रूप में प्राप्त हुआ है। गत वर्षों में वित्त मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था कि वर्ष 2027 तक वित्तीय घाटे को 4.5 प्रतिशत के नीचे ले आया जायेगा अतः इस दिशा में बजट में दर्शाये गये 5.9 प्रतिशत वित्तीय घाटे को आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक अच्छा कदम कहा जा सकता है। पूरे बजट को यदि संक्षिप्त में वर्णित करें तो यह कहा जा सकता है कि इस बजट को दीर्घकालिक नीतियों, उद्देश्यों व योजनाओं का बजट कहा जा सकता है जिसका लाभ आने वाले वर्षों में भारत के प्रत्येक समाज वर्ग, व्यवसाय, उद्योग में प्राप्त होगा और निश्चत रूप से वर्तमान सरकार का भारत को एक सुदृढ़ राष्ट्र के रूप में सकल विश्व में ले जाने का अत्यंत सफल प्रयास है।

बजट सत्र के दौरान पूर्व अध्यक्ष- श्री मुकुल टंडन, कौंसिल मेंबर सर्वश्री सुधीन्द्र जैन, डॉ. जे. एन. गुप्ता अनिल अग्रवाल, श्याम मेहरोत्रा चैम्बर के सदस्य सुशील शर्मा, डॉ. जय प्रकाश, विमल झाझरिया, संतोष अग्रवाल, राजीव मेहरोत्रा, नरेन्द्र डालमिया, शोभित गुप्ता, तथा सचिव- महेंद्र मोदी उपस्थित रहे।

सधन्यवाद